**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 01 APR 2026** **Page No. 4**

## साबरी की सारंगी के दीवाने हुए श्रोता, झूम उठे दिल

मेरठ, प्रमुख संवाददाता। सुभारती विवि के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा जारी विज्ञानोत्सव-2026 मंगलवार को सांस्कृतिक रंगों के साथ संपन्न हो गया। ब्रेन, क्रिएटिविटी एंड एनर्जी-टेक, कल्चरल एंड स्पोर्ट्स इवेंट्स थीम पर हुए इस विज्ञानोत्सव में देशभर के छात्र-छात्राओं ने अपनी नवाचार क्षमता, तकनीकी कौशल और रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

समापन समारोह में प्रसिद्ध सारंगी वादक एवं संगीतकार उस्ताद कमाल साबरी ने अपनी प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रोता साबरी की सारंगी के दीवाने हो गए और दिल झूम उठे। साबरी ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई, भावनात्मक अभिव्यक्ति



एवं तकनीकी दक्षता के जरिए मंत्रमुग्ध कर दिया। कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड़, वाइस प्रेसिडेंट यूरोप पोनूसावमी मेहेन, सॉलिसिटर यूके-जर्मनी साजू जैकब भी समारोह में मौजूद रहे। कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज




सुभारती में मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र का सम्मानित करते अतिथि।

ने कहा ऐसे कार्यक्रम युवाओं को भारतीय संगीत एवं विरासत से जोड़ते हैं।

मौके पर डॉ. मनोज कपिल, डॉ. श्रवण कुमार गर्ग, प्रो. पिंटू मिश्रा, डॉ. मुकेश रुहेला, डॉ. आशिमा, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, डॉ. निखिल राठी, डॉ. दिव्या मिश्रा, डॉ. श्वेता, डॉ. संजीव, डॉ. अमित किशोर, मयंक मौजूद रहे।

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** Amar Ujala

**Date-** 01 APR 2026 **Page No.** City Page 5

01/04/26 05 City

# उस्ताद कमाल साबरी के सारंगी वादन के कायल हो गए श्रोता



सुभारती विवि में प्रस्तुति देते उस्ताद कमाल साबरी। स्रोत : विवि

संवाद न्यूज एजेंसी

### सुभारती विवि में पांच दिवसीय विज्ञानोत्सव का हुआ समापन

मेरठ। सुभारती विवि के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की ओर से आयोजित विज्ञानोत्सव का समापन कला, और संगीत के भव्य प्रदर्शन के साथ हुआ। समारोह में प्रसिद्ध सारंगी वादक उस्ताद कमाल साबरी ने प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

ब्रेन क्रिएटिविटी एंड एनर्जी टेक, कल्चरल एंड स्पोर्ट्स इवेंट्स थीम पर आधारित समारोह में देशभर के छात्र-छात्राओं ने नवाचार, तकनीकी कौशल, रचनात्मकता और खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सुबह के सत्र में सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष डॉ. आशिमा के समन्वयन में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया। इसके बाद सत्यजीत रे ऑडिटोरियम में भव्य समापन समारोह हुआ। समारोह में उस्ताद कमाल साबरी ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई, भावनात्मक अभिव्यक्ति और तकनीकी उत्कृष्टता से भरपूर प्रस्तुति पर खूब तालियां बंटोरीं। इस दौरान पांच दिनों की विभिन्न तकनीकी, सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों की नवाचार और टीम भावना को सराहा गया। कार्यक्रम में कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड़, विशिष्ट अतिथि कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा और मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. शल्या राज ने सभी को बधाई दी।




समारोह में पुरस्कृत प्रतिभागी एवं अतिथि। स्रोत : विवि

# फैशन वीक में सहयोगी बनीं सुभारती विवि की चार छात्राएं




फैशन वीक में पहुंचीं सुभारती विवि की छात्राएं। स्रोत : विवि

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विवि के फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स के तहत फैशन एवं टेक्सटाइल डिजाइन विभाग के संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों ने मुंबई में आयोजित लैक्मे फैशन वीक एफडीसीआई-2026 में भाग लिया। इसमें विभाग की चार छात्राओं ने स्वयंसेवक के रूप में सहयोग किया। तृतीय वर्ष की छात्राएं कीर्ति, मुस्कान सिंह, प्रेनिका और प्रिया यादव ने इवेंट असिस्टेंट के तौर पर बैक स्टेज समन्वय, शो प्रबंधन और इवेंट संचालन में योगदान दिया। छात्राओं ने लैक्मे फैशन वीक और एफडीसीआई की टीमों के साथ मिलकर काम किया। उन्हें राहुल मिश्रा, अमित अग्रवाल, ऋतु कुमार, अदा मलिक, अब्राहम, ठाकरे और भूमिका शर्मा जैसे डिजाइनरों ने सहयोग का अवसर दिया। शैक्षणिक दौरे का नेतृत्व विभागाध्यक्ष नेहा सिंह ने किया।

ललित कला संकाय के डीन पिंटू मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन फैशन उद्योग को नई दिशा देता है। विवि की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शल्या राज ने बताया कि इस आयोजन ने टीम को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है। कुलपति प्रमोद कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 02 APR 2026** **Page No. 5**

02/04/26 05 H

**नियुक्ति** | **सुभारती यूनिवर्सिटी ने साबरी को नियुक्त किया, सीसीएसयू भी लोक गायिका मालिनी अवस्थी को कर चुका है नियुक्त**

# सारंगी वादक कमाल साबरी बने प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस

**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय सारंगी वादक कमाल साबरी सुभारती विवि में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस नियुक्त हो गए हैं। वे विवि के ललित कला संकाय में बतौर प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस काम करेंगे। कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि कमाल साबरी जैसे वैश्विक स्तर के कलाकार का विवि से जुड़ना छात्रों को नई दिशा देगा।

विवि की सीईओ डॉ. शल्या राज ने कहा कि हमारा उद्देश्य शिक्षा को केवल सैद्धांतिक न रखकर उसे व्यावहारिक एवं उद्योग से जोड़ना है। कमाल साबरी की नियुक्ति इसी दिशा में सशक्त पहल है, जिससे छात्रों को वास्तविक दुनिया के अनुभव सीखने का मौका मिलेगा। डीन प्रो. पिंटू मिश्रा ने कहा कि कमाल साबरी की उपस्थिति से विभाग में संगीत शिक्षा का स्तर और ऊंचा होगा। वे छात्रों को सारंगी वादन की बारीकियों के साथ-साथ मंच प्रदर्शन और वैश्विक संगीत परिदृश्य की भी जानकारी देंगे। प्रो. ऑफ प्रैक्टिस बनने पर कमाल साबरी ने कहा कि वे यहां के छात्रों को अपने अनुभव साझा कर उन्हें संगीत के प्रति और अधिक जागरूक तथा समर्पित बनाने का प्रयास करेंगे। वहीं, सीसीएसयू भी पिछले महीने लोक गायिका मालिनी अवस्थी को प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस नियुक्त कर चुका है।



कमाल साबरी को दिया नियुक्ति पत्र।



बुधवार को पालि दिवस पर सुभारती विवि में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ।

## पालि साहित्य सांस्कृतिक चेतना का आधार

मेरठ। पालि साहित्य हमारी सांस्कृतिक चेतना का आधार है जो समाज को समानता, बंधुत्व और शांति का मार्ग दिखाता है। ऐसे अंतर्राष्ट्रीय मंच हमारी विरासत को वैश्विक पहचान भी दिलाते हैं। पालि दिवस पर सुभारती विवि में हुए 17वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में यह बात पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कही। पालि सोसाइटी ऑफ इंडिया और तथागत बुद्ध चेयर द्वारा 'पालि साहित्य में समानता और बंधुत्व' विषय पर सम्मेलन में देश-विदेश के विद्वानों ने हिस्सा लिया। मौके पर मुख्य वक्ता भदंत डॉ. तेजवरो महाथेरो, कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा, मुख्य अतिथि रवींद्र पंथ ने भी विचार व्यक्त किए।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 03 APR 2026** **Page No.** **City Page 5**

02/04/26 05 My city

## कमाल साबरी सुभारती में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस नियुक्त


### प्रसिद्ध सारंगी वादक के मार्गदर्शन से संगीत की बारीकी समझेंगे छात्र

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विवि के ललित कला संकाय में प्रसिद्ध सारंगी वादक उस्ताद कमाल साबरी को प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भारतीय शास्त्रीय संगीत की शिक्षा को व्यावहारिक और वैश्विक स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि कमाल साबरी जैसे कलाकार के अनुभव और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई समझने का अवसर मिलेगा।

सीईओ प्रो. शल्या राज ने कहा कि कमाल साबरी की नियुक्ति से विवि के विद्यार्थियों को संगीत और कला सहित अपनी संस्कृति से जुड़ने का भी मौका मिलेगा। ललित कला संकाय के अध्यक्ष डॉ. पिंटू मिश्रा ने कहा कि कमाल साबरी छात्रों को सारंगी वादन की बारीकियां बताएंगे।

कमाल सारंगी वादक उस्ताद साबरी खान के सुपुत्र हैं। वे सातवीं पीढ़ी के संगीतकार हैं और सारंगी घराने की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने विश्व के कई प्रतिष्ठित मंचों पर प्रदर्शन किया है, नामचीन कलाकारों के साथ संगत की है और पारंपरिक सारंगी वादन को आधुनिक संगीत शैलियों के साथ जोड़ने में अपनी विशेष पहचान बनाई है।



सुभारती विवि में सारंगी वादक कमाल साबरी प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस नियुक्त किए गए। स्रोत : विवि

Page no - 02, AU, Date - 03-04-2026

## पालि साहित्य में समानता-बंधुत्व पर किया मंथन

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में 17वें पालि दिवस पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य विषय पालि साहित्य में समानता एवं बंधुत्व रहा। वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों को जरूरी बताया गया। यह आयोजन त्रिपिटकाचार्य भिक्षु धर्मरक्षित महाथेर की पावन स्मृति को समर्पित रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कॉन्फेडेरेशन नई दिल्ली के निदेशक एवं नव नालंदा महाविहार बिहार के पूर्व कुलपति प्रो. रवींद्र पंथ रहे। उन्होंने पालि साहित्य में निहित समानता, करुणा एवं बंधुत्व के सिद्धांतों को आधुनिक समाज के लिए मार्गदर्शक बताया। उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग पर जोर दिया। मुख्य वक्ता प्रो. विमलेंद्र कुमार ने पालि साहित्य की समृद्ध परंपरा, दार्शनिक गहराई एवं समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।




सम्मेलन में मौजूद अतिथि व अन्य। स्रोत : विवि

विशिष्ट वक्ता प्रो. आनंदवर्धन ने सांस्कृतिक विरासत एवं सामाजिक समरसता के संदर्भ में पालि साहित्य की उपयोगिता बताई। अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा ने की। उन्होंने पालि भाषा को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का आधार स्तंभ बताया। इस अवसर पर त्रिपिटकाचार्य भिक्षु धर्मरक्षित पालि सम्मान प्रो. रवींद्र पंथ को प्रदान किया गया। विभिन्न शैक्षणिक सत्रों में 30 से अधिक शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। भारत के अलावा कोरिया, थाईलैंड, वियतनाम, म्यांमार, श्रीलंका, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, भूटान और नेपाल के विद्वानों ने सक्रिय भागीदारी की। समापन सत्र में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रो. सी. उपेंद्र राव ने भारतीय ज्ञान परंपरा और पालि अध्ययन की वैश्विक प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 03 APR 2026** **Page No. 9**

## छात्र-छात्राओं ने समझी घरेलू मध्यस्थता



मेरठ। सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में 'घरेलू मध्यस्थता' विषय व्याख्यान हुआ। निदेशक राजेश चन्द्रा एवं डीन डॉ.रीना बिश्नोई के निर्देशन में हुए इस व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता एडवोकेट साजू जैकब ने घरेलू मध्यस्थता पर बात की। इस अवसर पर डॉ.आफरीन अलमास, डॉ.प्रेमचंद, डॉ.सारिका त्यागी, प्रो.टीएन प्रसाद, शालिनी गोयल, सोनल जैन, अरशद आलम, शिवानी, हर्षित, अनुराग चौधरी, पार्थ मल्होत्रा, आशुतोष देशवाल मौजूद रहे।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 05 APR 2026** **Page No.** **City Page 5**

5/04/26 05 My city

# मेरी मम्मी नू पसंद नहीं तू...पर जमकर थिरके

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव स्पार्क-2026 का शनिवार को भव्य समापन हुआ। इसमें लोकप्रिय पंजाबी गायिका सुनंदा शर्मा के गीतों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

उन्होंने अपने हिट गीतों मेरी मम्मी नू पसंद नहीं तूं...मेरा पहला प्यार...चंडीगढ़ दा छोकरा, जानी तेरा ना, तेरे नाल नाचना...गाकर धमाल मचा दिया। उनके गीतों पर युवा जमकर थिरके। उनके परफॉर्मेंस के बाद डीजे शूट-अप ने भी कार्यक्रम को और रोमांचक बना दिया।

विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. शल्या राज ने कहा कि यह केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि विद्यार्थियों में ऊर्जा और स्पार्क जगाने वाला माध्यम है। उन्होंने कहा यह दर्शाता है कि सुभारती के विद्यार्थी किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रो. शल्या राज ने संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण और स्मृतिशेष संघमाता डॉ. मुक्ति भटनागर की शिक्षा, सेवा, संस्कार और राष्ट्रीयता की सोच को याद करते हुए विद्यार्थियों और आयोजकों को हार्दिक बधाई दी। संवाद



प्रस्तुति देतीं सुगंधा शर्मा। स्रोत : विवि

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 05 APR 2026** **Page No. 8**

5/04/26 H 08

# स्वामी विवेकानंद के विचार ही दे सकते हैं युवाओं को सही दिशा

**सुभारती**

मेरठ। सुभारती विवि में स्वामी विवेकानंद शोध पीठ द्वारा लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज विभाग, फैकल्टी ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंस के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं एवं वर्तमान जीवन में प्रासंगिकता' विषय पर व्याख्यान हुआ। संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थी एवं युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद के विचार, आदर्श एवं जीवन मूल्यों से परिचित कराते हुए उन्हें आधुनिक जीवन में आत्मसात कराना है। संयोजिका प्रो. मोनिका मेहरोत्रा ने स्वामी विवेकानंद के संदेश उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको का उल्लेख करते हुए छात्रों को निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ने को प्रेरित किया।



सुभारती विवि में स्वामी विवेकानंद शोध पीठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

मुख्य वक्ता डीयू से इतिहास विभाग की अध्यक्ष प्रो. अनीशा श्रीवास्तव ने कहा कि आज का युवा यदि आत्मबल, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को अपनाए तो वह न केवल अपने जीवन को सफल बना सकता है बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी सहायक हो सकता है। प्रो. श्रीवास्तव के अनुसार वर्तमान समय में जब युवा वर्ग अनेक चुनौती, तनाव और भ्रम की स्थिति से गुजर रहा है। सिद्धांत आत्मचिंतन, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक संवेदनशीलता और राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करते हैं।

**मेरठ**

5/04/26 H 07

# सुनंदा का जादू चला थिरका सुभारती विवि



सुभारती कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शनिवार को स्पार्क-2026 में प्रस्तुति देतीं सुनंदा शर्मा।

**स्पार्क-2026**

**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** सुभारती कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शनिवार को दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक समारोह स्पार्क-2026 में सुभारती विवि थिरक उठा। लोकप्रिय पंजाबी गायिका सुनंदा शर्मा एवं डीजे शूटअप की प्रस्तुतियों पर छात्र-छात्रा झूम उठे। विवि की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, कार्यकारी अधिकारी डॉ. कृष्णमूर्ति, मार्स रिसॉर्ट निदेशक डॉ. रोहित रविंद्र एवं प्राचार्य फॉर्मेसी डॉ. सोकेंद्र कुमार मौजूद रहे।

डॉ. शल्या राज ने कहा कि स्पार्क ना केवल एक समारोह है बल्कि यह जीवन में एक स्पार्क, एक ऊर्जा का प्रवाहक है। कार्यक्रम में गायिका सुनंदा शर्मा ने मेरी मम्मी नू पसंद नहीं तूं, मेरा पहला प्यार तुसी तूं है जाणदा, चंढीगढ दा छोकरा, जानी तेरा ना, तेरे नाल नाचना सहित विभिन्न हिट्स पर दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

डीजे शूट-अप ने भी समारोह को नई ऊचाइंया दी। इस अवसर पर पारखी रस्तोगी, सलाहकार कर्नल राजेश त्यागी, कर्नल असीम कुकरेजा, डॉ. मनीष पाठक, डॉ. लुभान सिंह, डॉ. अमित कुमार, निशांत गौरव, डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. मुकेश रुहेला, डॉ. शशिराज तेवतिया मौजूद रहे।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 06 APR 2026** **Page No.** **City Page 4**

6/4/26 Amar Ujala 04

# आधुनिक चिकित्सा में नई तकनीक जरूरी

## स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में न्यूरो-फिजियोथेरेपी पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन



सुभारती विवि में हुए सम्मेलन में मौजूद अतिथि। स्रोत : संस्था

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के ज्योतिराव फुले सुभारती कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी के न्यूरोलॉजिकल फिजियोथेरेपी विभाग ने रविवार को एक दिवसीय बहुविषयक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का विषय इनोवेटिव होराइजन्स इन न्यूरो-फिजियोथेरेपी 2026 रहा। सम्मेलन ने न्यूरो-रिहैबिलिटेशन के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग की नई दिशा दिखाई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पुलिस के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अरुण कुमार भारती रहे। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार, अनुसंधान आधारित दृष्टिकोण और बहुविषयक समन्वय पर जोर दिया। कहा कि आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में नई तकनीकों को अपनाना समय की मांग है। सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, चिकित्सकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने सक्रिय भाग लिया। न्यूरो-रिहैबिलिटेशन में उभरते शोध, अत्याधुनिक तकनीकों और नवीन उपचार पद्धतियों पर गहन चर्चा हुई। प्रतिभागियों को वैश्विक स्तर की जानकारी और अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में पेपर प्रस्तुति, पोस्टर सत्र और हैकाथॉन जैसी वैज्ञानिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को नवीनतम शोध, उन्नत उपचार पद्धतियों और व्यावहारिक अनुभवों से समृद्ध होने का अवसर मिला होगा, जो उनके भविष्य के व्यावसायिक कौशल को और मजबूत करेगा। सम्मेलन का सफल संचालन कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अमित कुमार गोयल ने किया। आयोजक डॉ. शिखा सिंह, सचिव डॉ. गौरव प्रताप त्यागी और संयुक्त सचिव डॉ. कायनात भी रहे।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 06 APR 2026** **Page No. 7**

07 06/04/26 1-1

## न्यूरो फिजियोथेरेपी में नवाचार की उड़ान

**सम्मेलन**

**मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के ज्योतिराव फुले सुभारती कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी के न्यूरोलॉजिकल फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा "इनोवेटिव होराइजन्स इन न्यूरो-फिजियोथेरेपी 2026" शीर्षक से अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

सम्मेलन ने न्यूरो-रिहैबिलिटेशन के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग की नई दिशा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण कुमार भारती, उप महानिरीक्षक पुलिस, आरएएफ एकेडमी फॉर पब्लिक ऑर्डर रहे। सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, चिकित्सकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।



स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में आयोजित सम्मेलन में मौजूद अतिथि। हिन्दुस्तान

इस दौरान न्यूरो-रिहैबिलिटेशन के क्षेत्र में उभरते शोध, अत्याधुनिक तकनीकों एवं नवीन उपचार पद्धतियों पर गहन वैज्ञानिक चर्चा की। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन न केवल शैक्षणिक ज्ञान के आदान-प्रदान का सशक्त मंच बना, बल्कि प्रतिभागियों के नैदानिक कौशल व व्यावसायिक दक्षता को भी नई दिशा देने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। विवि कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा ने विचार रखे। संचालन प्रो. अमित कुमार गोयल, कार्यवाहक प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मौके पर प्रो. शिखा सिंह, डॉ. गौरव प्रताप त्यागी, डॉ. कायनात हसन की विशेष भूमिका रही।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 08 APR 2026 Page No. 8**

## डा. अभिनव को क्लिनिकल एक्सीलेंस अवार्ड



डॉ अभिनव बंसल आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते अतिथि। स्रोत : स्वयं

मेरठ। डॉ. अभिनव बंसल को मंगलवार को नई दिल्ली में क्लिनिकल एक्सीलेंस पुरस्कार से नवाजा गया। वह स्वामी विवेकानंद सुभारती अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभागाध्यक्ष हैं। यह सम्मान उन्हें इंडियन हैबिटेट सेंटर में आयोजित केयरकॉन में मिला। समारोह में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली के अस्पतालों से नामांकन आए थे। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार स्वास्थ्य सेवा विशेषज्ञों को प्रदान किया जाता है। जो उत्कृष्ट चिकित्सकीय दक्षता और संवेदनशीलता दिखाते हैं। साथ ही, समर्पित रोगी देखभाल और चिकित्सा पद्धतियों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता रखते हैं। यह सम्मान उनकी विशिष्ट सेवाओं का प्रमाण है। संवाद

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 09 APR 2026 Page No. City Page 5**

9/04/26 05 my city

# सुभारती में मॉडलिंग के बुनियादी सिद्धांत बताए

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एवं फैशन एंड टेक्सटाइल डिजाइन विभाग ने सत्यजीत रे ऑडिटोरियम में कैमरा फेसिंग एंड स्टेज पोजेज विषय पर मॉडलिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें मॉडलिंग के बुनियादी सिद्धांत बताए गए। संचालन अंतरराष्ट्रीय फैशन शो डायरेक्टर एवं कोरियोग्राफर कपिल गौहरी ने किया। वह ग्रूमिंग और स्टेज प्रेजेंटेशन के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाते हैं।



सुभारती विवि में हुई कार्यशाला में शामिल प्रतिभागी एवं अतिथि। स्रोत : विवि

यह कार्यक्रम प्राचार्य एवं डीन प्रो. पिंटू मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ। सह-संयोजन डॉ. नेहा सिंह विभागाध्यक्ष, फैशन एंड टेक्सटाइल डिजाइन ने किया। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों से 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कपिल गौहरी ने मॉडलिंग के बुनियादी सिद्धांत बताए। उन्होंने कैमरा फेसिंग की प्रभावी तकनीकों, स्टेज पर गरिमा बनाए रखने, विभिन्न वॉकिंग स्टाइल्स और रैम्प वॉक के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों को परिधानों को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए। कार्यशाला के दौरान डायनामिक स्टेज फॉर्मेशन, स्पेशल अवेयरनेस और मंच के प्रभावी उपयोग पर भी इंटरएक्टिव सत्र किए गए। प्रैक्टिकल डेमॉन्स्ट्रेशन और अभ्यास के जरिए छात्रों को प्रोफेशनल मॉडलिंग के मानकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. भावना ग्रोवर, डॉ. आशीष मिश्रा, डॉ. राशिका, डॉ. सुरभि दास, देवसुनी, लकी त्यागी, अनीशा आनंद, श्रद्धा यादव, शैलजा, मोनिका आदि मौजूद रहीं।


सुभारती में हुए कार्यक्रम में विद्यार्थी। स्रोत : विवि

## रैगिंग पर शून्य सहिष्णुता का संदेश दिया

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस में एंटी-रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का मकसद परिसर को रैगिंग मुक्त बनाना, आपसी सम्मान, सहानुभूति और शून्य सहिष्णुता की भावना को मजबूत करना रहा। नवागंतुक विद्यार्थियों को सुरक्षित, सकारात्मक और प्रेरणादायी माहौल देने पर जोर दिया गया। डीन प्रो. रविंदर कुमार जैन ने कहा कि विवि रैगिंग-मुक्त परिसर के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों को नैतिक मूल्य अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रॉक्टर एवं छात्र शिकायत निवारण अधिकारी डॉ. धीरपाल सिंह ने रैगिंग के कानूनी परिणामों के बारे में बताया। कार्यक्रम में रैगिंग पर जागरूकता वाले वीडियो दिखाए गए। डॉ. अश्विनी कुमार ने कहा कि यह छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने सह-अस्तित्व और सौहार्दपूर्ण वातावरण के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन समन्वय के मूल संदेश सम्मान, सहानुभूति और एकता के साथ हुआ। आंचल शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। संवाद

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 09 APR 2026** **Page No. 2**

शहर

H- 9.4.26 - 2

### छात्र-छात्राओं ने समझे मॉडलिंग के सिद्धांत



मेरठ। सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन के फैशन एंड टेक्सटाइल डिजाइन विभाग द्वारा कैमरा फेसिंग एंड स्टेज पोज़ेस विषय हुई मॉडलिंग वर्कशॉप में चर्चित फैशन शो डायरेक्टर एवं कोरियोग्राफर कपिल गौहरी ने ग्रूमिंग और स्टेज प्रेजेंटेशन के टिप्स दिए। कपिल गौहरी ने मॉडलिंग के मूलभूत सिद्धांतों की जानकारी देते हुए प्रभावी कैमरा फेसिंग तकनीक और मंच पर गरिमा बनाए रखने का महत्व समझाया। प्राचार्य प्रो.पिंटू मिश्रा, डॉ.नेहा सिंह, डॉ.भावना ग्रोवर, डॉ.आशीष मिश्रा, डॉ.राशिका, डॉ.सुरभि दास मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** Amar Ujala

**Date-** 11 APR 2026 **Page No.** City Page 4


my city # हम लोग amarujala.com/meerut मेरठ | शनिवार • 11.04.2026 अमर उजाला 04


11/04/26 MyCity 04





## जहां आत्मविश्वास वहीं से शुरू होता है स्टाइल


### सुभारती विश्वविद्यालय का वार्षिक फैशन शो डिजाइन कैसल का हुआ आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। कैमरों की चकाचौंध, फैशन का जलवा और रचनात्मकता का अनूठा मेल सुभारती विवि के वार्षिक फैशन शो डिजाइन कैसल में देखने को मिला। फैशन एवं टेक्सटाइल डिजाइन विभाग द्वारा सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में हुए कार्यक्रम ने अकादमिक पहचान को क्रिएटिविटी के शिखर पर पहुंचा दिया।

मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेता ऋषि भूटानी ने कहा, स्टाइल वहीं से शुरू होता है जहां आत्मविश्वास शब्दों से ज्यादा बोलता है। वहीं मिस यूनिवर्स हिमाचल प्रदेश डॉ. रिजुल सिंह ने कहा कि बड़े सपने देखो, धैर्य रखो और जुनून को अपनी पहचान बनने दो।

यह शो अल्केमी ऑफ टोन्स थीम पर था जहां रंगों, टेक्सचर और सिल्हूट्स के जादुई मेल ने रैंप को जीवंत कैनवास में बदल दिया। कार्यक्रम में 10 राउंड रहे। फाइन आर्ट्स कॉलेज की पत्रिका का विमोचन भी हुआ। अभिनेता ऋषि भूटानी, डॉ. रिजुल सिंह, कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. शल्या राज, डीन प्रो. पिंटू मिश्रा ने शो का शुभारंभ किया। निर्णायक मंडल में सेलिब्रिटी मॉडल निशा मौर्य, एकता अखौरी और फैशन फोटोग्राफर रोनी कौल रहे। प्रो. पीके शर्मा ने छात्रों की प्रतिभा को सराहा। प्रो. शल्या राज ने इसे उभरता हुआ क्षेत्र करार दिया। प्रो. पिंटू मिश्रा ने हर प्रस्तुति की कहानी पर प्रकाश डाला।



सुभारती विवि के फैशन शो में कैटवाक करते मॉडल। अमर उजाला



Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 11 APR 2026** **Page No. 7**

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com अपना मेरठ
11/04/26 H 07

# फैशन के पंख लगा रैंप पर उतरीं मॉडल तो देखता रह गया हर कोई

**सुभारती विवि**

**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** सुभारती विवि के सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में फैशन एवं टेक्सटाइल डिजाइन विभाग द्वारा हुए फैशन शो डिजाइन कैसल 2026 में रैंप जीवंत कैनवास में बदल गया। रंग, टेक्सचर, सिलुएट्स के संगम में फैशन के पंख लगा रैंप पर उतरीं मॉडल्स ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शुभारंभ बॉलीवुड अभिनेता ऋषि भूटानी, मिस यूनिवर्स हिमाचल प्रदेश-2025 डॉ. रिजुल सिंह, कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, डीन प्रो. पिंटू मिश्रा, एडिशनल प्रोवीसी डॉ. मुनीश पी.रेड्डी, कुलसचिव ग्रुप कैपटन एम याकूब, रजिस्ट्रार डॉ. सैयद जफर हुसैन, डीएसडब्ल्यू डॉ. सरताज अहमद एवं शो समन्वयक डॉ. नेहा सिंह ने किया। निर्णायक मंडल में मॉडल निशा मौर्य, सेलिब्रिटी एकता अखौरी और फैशन फोटोग्राफर रोनी कौल मौजूद रहे।

ऋषि भूटानी ने कहा कि स्टाइल वहीं से शुरू होता है, जहां आत्मविश्वास शब्दों से ज्यादा बोलता है। डॉ. रिजुल सिंह ने बड़े सपने देखो, धैर्य रखो और अपने जुनून को अपनी पहचान बनने दो। डॉ. शल्या राज ने कहा कि भारतीय संस्कृति और फैशन में गहरा संबंध है और यह उभरता हुआ सशक्त क्षेत्र है।

### ये रहे विजेता

डॉ. नेहा सिंह के अनुसार बेस्ट सरफेस ऑर्नामेंटेशन (रसांतरण) में अलीमा, अमन, वर्षा, राहुल, हिमांशी और अजमा विजेता बने, जबकि 'बेस्ट कमर्शियल कलेक्शन में मुस्कान शर्मा, राशि चौहान, अनमता, तनु गुप्ता, विशाखा बाना, प्रीति, अल्फिया मिर्जा, सलोनी, शीतल, कनिका शर्मा और मानवी ने बाजी मारी। बेस्ट गारमेंट कंस्ट्रक्शन (ओपस रीगल) में याशिका चावला, जानवी बाना, मेघा, आराधना कपासिया और जान्शिका विजेता रहे। प्रतिष्ठित 'बेस्ट डिज़ाइन कलेक्शन डीसी 2026 ट्रॉफी' अदीबा सैफी, साहिल पंवार, सलीम, नंदिनी सिंह, सलोनी, वाणी शर्मा, संध्या, मधु, सलीशा चौधरी और याशिका को मिली। मॉडल ऑफ द ईयर (महिला) का खिताब कुमुद, मॉडल ऑफ द ईयर (पुरुष) दीपांशु, बेस्ट पैंथर वॉक 'दानिश, ट्विंकलिंग टोज़ का अवधी एवं हैंडसम हंक का खिताब प्रिंस को मिला।



सुभारती में फैशन शो के दौरान रैंप पर मॉडल के साथ डॉ. शल्या राज।



शुक्रवार को सुभारती में फैशन शो के दौरान रैंप पर कैटवॉक करते मॉडल।

### सुभारती में 'मंथन संकीर्तन सभा आज

सनातन संगम न्यास एवं सुभारती विवि के संयुक्त तत्वावधान में आज मंथन संकीर्तन सभा होगी। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 स्वपेंद्र जी महाराज अखाड़ा मंडल आश्रम हरिद्वार रहेंगे। हिंदू भक्ति गायन धर्मगुरु संत श्री गौरवानंद, बौद्ध भक्ति गायन धर्मगुरु श्री भिक्षु दीप रतन बौद्ध, जैन भक्ति गायन धर्मगुरु प्रांजल जैन एवं सिख भक्ति गायन में उस्ताद भाई हरजीत सिंह नीत अपनी विशेष प्रस्तुति देंगे। अतिथियों का सम्मान ब्रह्मचारिणी पूनम 'उज्जवल' करेंगी। न्यास अध्यक्ष डॉ प्रदीप राघव के अनुसार इसके पीछे सनातन संगम न्यास एवं सुभारती समूह संस्थापक डॉ.अतुल कृष्ण का मार्गदर्शन है।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date-** **12 APR 2026** **Page No.** **City Page 6**

12/4/26 06 My City

परंपरा

संकीर्तन सभा ने दिया शांति और भाईचारे का संदेश

## सुर-लय से दिया सर्वधर्म समभाव का संदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित मंथन संकीर्तन सभा ने विभिन्न धर्मों की आध्यात्मिक परंपराओं को एक मंच पर लाकर धर्मनिरपेक्षता और वैश्विक भाईचारे का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

सुभारती मेडिकल कॉलेज के हरि सिंह नलवा ऑडिटोरियम में हुए इस आयोजन का उद्देश्य बौद्ध, हिंदू, जैन और सिख धर्मों के अनुयायियों को एक सूत्र में पिरोकर संकीर्तन के माध्यम से विश्व शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक स्तुति वाचन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसने एकता और प्रकाश के प्रतीक को सजीव कर दिया। इसके बाद विभिन्न धर्मों की वाणी और भक्ति स्वर एक के बाद एक गूंजते रहे श्रीमद्भगवद्गीता के मंत्र, गुरुवाणी की अरदास, बौद्ध वचनों की शांति और जैन भजनों की मधुरता ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

भक्ति प्रस्तुतियों में संत गौरवानंद, भिक्खु दीप रतन, प्रांजल जैन और उस्ताद भाई हरनीत सिंह नीत ने अपने-अपने धर्म की परंपराओं को सुरों के माध्यम से जीवंत किया।

यह विविधता में एकता का सशक्त उदाहरण बना, जहां अलग-अलग आस्थाएं एक साझा संदेश मानवता में विलीन होती नजर आईं।



कार्यक्रम में मौजूद धर्म गुरु व अतिथि। स्रोत : संस्थान

**डॉ. अतुल कृष्ण को बधाई दी :** मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर रूपेंद्र महाराज ने डॉ. अतुल कृष्ण के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा-डॉ. अतुल कृष्ण सुभारती समूह और सनातन संगम न्यास के प्रणेता हैं। महामंडलेश्वर ने उन्हें संत समाज की ओर से बधाई और आशीर्वाद दिया, साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. शल्या राज ने डॉ. अतुल कृष्ण की विचारधारा का स्मरण करते हुए संस्कृत गीत से शुभकामना दीं। सनातन संगम न्यास के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप राघव ने सभी का स्वागत किया और प्रो. मोनिका मेहरोत्रा ने संचालन किया।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 12 APR 2026** **Page No. 6**

12/04/26 6

# हिंदी साहित्य यात्रा के निराले पथिक राहुल सांकृत्यायन

## सुभारती विवि में राहुल सांकृत्यायन जयंती पर साहित्य-शोध पर हुआ मंथन



सामाजिक विज्ञान विभाग में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व छात्र छात्राएं। स्रोत : संस्थान

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के भाषा विभाग द्वारा आयोजित ज्ञान संगोष्ठी मानो विचारों का एक सजीव उत्सव बन गई। अवसर था महान साहित्यकार, यायावर और चिंतक राहुल सांकृत्यायन की जयंती का, जिनके बहुआयामी व्यक्तित्व ने भारतीय ज्ञान परंपरा को नई दिशाएं प्रदान कीं।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल स्मरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर साहित्यिक संवेदनाओं और शोधपरक दृष्टि का नव संचार करना भी रहा। विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा ने अपने उद्बोधन में राहुल सांकृत्यायन के व्यक्तित्व को विस्तार से उकेरते हुए उन्हें हिंदी यात्रा साहित्य का जनक बताया। उन्होंने कहा कि उनका कृतित्व साहित्य, इतिहास, दर्शन, बौद्ध अध्ययन और भाषा विज्ञान जैसे विविध क्षेत्रों में समान रूप से आलोकित होता है।

संगोष्ठी का वातावरण बौद्धिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा, जहां विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता के साथ अपने विचार व्यक्त किए। उनके मन में न केवल साहित्य के प्रति अनुराग जागा, बल्कि शोध और बहुविषयक अध्ययन के प्रति भी गहरी रुचि विकसित हुई। कार्यक्रम का संचालन बीए की छात्रा छवि त्यागी ने सुसंगठित और प्रभावपूर्ण ढंग से किया। इस अवसर पर डॉ. रफत खानम, डॉ. यशपाल, डॉ. स्वाति शर्मा, डॉ. आशीष, डॉ. निशि सिंह, डॉ. प्रीति शर्मा, अंकित, सुश्री भावना जोशी और सुश्री सोनी चौहान सहित विभाग के कई शिक्षक उपस्थित रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 13 APR 2026 Page No. City Page 5**

13/04/26 My City 05

## Campus

# सुभारती को मिला स्वामी विवेकानंद सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार




उत्कृष्ट कार्यों के लिए सुभारती को मिला पुरस्कार। स्रोत : विवि

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय और स्वामी विवेकानंद शोध पीठ को स्वामी विवेकानंद सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार मिला है। यह सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान डाकिन कोलकाता क्रीड़ा ओ संस्कृति परिषद (सेवा प्रतिष्ठान) ने दिया। इसमें अजय कुमार दास सेवा फाउंडेशन का सहयोग रहा। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है।

शोध पीठ स्वामी विवेकानंद के विचारों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने वाला वैचारिक आंदोलन है। यहां नियमित रूप से सेमिनार, कार्यशालाएं, पुस्तक प्रदर्शनियां और पैनल चर्चाएं होती हैं। इस अवसर पर संयोजिका प्रो. मोनिका मेहरोत्रा को अथक परिश्रम व नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान ग्रहण करते हुए प्रो. मेहरोत्रा ने 1893 के शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन का स्मरण कराया। संवाद

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 13 APR 2026 Page No. 9**

13/04/26 H 09




रविवार को सुभारती विवि को स्वामी विवेकानंद सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार मिला। हिन्दुस्तान

## सुभारती विश्वविद्यालय को मिला पुरस्कार

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद शोध पीठ व स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि को उत्कृष्ट, समर्पित एवं समाजोन्मुखी कार्यों के लिए वर्ष 2026 का प्रतिष्ठित स्वामी विवेकानंद सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया।

यह सम्मान डाकिन कालिकाता क्रीरा ओ संस्कृति परिषद (सेवा प्रतिष्ठान) द्वारा अजय कुमार दास सेवा फाउंडेशन के सहयोग से प्रदान किया गया। यह पुरस्कार स्वामी विवेकानंद शोध पीठ द्वारा किए जा रहे उन बहुआयामी प्रयासों का परिणाम है। इस अवसर पर शोध पीठ की संयोजिका प्रो. मोनिका मेहरोत्रा को उनके अथक परिश्रम और विजनरी नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया। विवि के कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा और मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. शल्या राज ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 14 APR 2026** **Page No.** **City Page 6**

14/04/26 My city 06

आयोजन

सुभारती विवि में गणेश शंकर विद्यार्थी सुभारती पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने कराया कार्यक्रम

## टॉक शो में युवाओं को डिजिटल सेवाओं की दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में गणेश शंकर विद्यार्थी सुभारती पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयोजन में डिजिटल इंडिया विषय पर टॉक शो का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न संकायाध्यक्षों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने डिजिटल सेवाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा, डिजिटल दस्तावेज प्रबंधन और सरकारी डिजिटल सेवाओं के बारे में जागरूक किया।

कार्यक्रम में अभिषेक देव ने अपार आईडी का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि पूर्व में एबीसी आईडी के नाम से जानी जाने वाली यह 12 अंकों की यूनिक आईडी अब छात्रों के सभी शैक्षणिक दस्तावेजों को एक जगह सुरक्षित रूप से लिंक और संग्रहित करने में सहायक है। उन्होंने अपार आईडी बनाने की सरल प्रक्रिया भी विद्यार्थियों को बताई। जय तलवार ने डिजीलॉकर की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे मार्कशीट, डिग्री, आधार, पेन आदि को कहीं भी, कभी भी सुरक्षित रूप से एक्सेस कर सकते हैं। उन्होंने एनटीटी लॉकर फीचर के बारे में भी जानकारी दी, जिसमें स्टार्टअप्स और संगठनों को 10 जीबी स्टोरेज और मल्टीपल यूजर एक्सेस की सुविधा उपलब्ध है।



सुभारती में डिजिटल इंडिया टॉक शो में शामिल युवा। स्रोत : विवि

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 15 APR 2026** **Page No.** **City Page 5**

15/04/26 05 My City

# गौतम मिस्टर फेयरवेल और महिमा बनीं मिस फेयरवेल

## सुभारती विश्वविद्यालय में हुआ विदाई समारोह और रंगारंग मेले का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के आचार्य विष्णु गुप्त सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट और कॉमर्स में विदाई समारोह आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम यादों, उल्लास और भावुक पलों से भरा रहा। एमबीए अंतिम वर्ष के गौतम को मिस्टर फेयरवेल और बीबीए तृतीय वर्ष की महिमा को मिस फेयरवेल चुना गया। बीबीए एविएशन की स्नेहा को मिस ब्यूटीफुल और तुषार को मिस्टर हैंडसम का खिताब मिला।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। पूरे आयोजन में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण छाया रहा। कुलपति प्रमोद कुमार शर्मा ने छात्रों को निरंतर प्रगति कर संस्थान का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी शल्या राज ने आत्मविश्वास, परिश्रम और सकारात्मक सोच से लक्ष्य प्राप्त करने को प्रेरित किया। कार्यवाहक डीन पद्मा मिश्रा ने अनुशासन और समर्पण पर जोर दिया। समारोह में रोशनी, संगीत, नृत्य और मनोरंजन का अनोखा संगम देखने को मिला। दीपाली, पलक, नीतीश, चेतन, तेजस, कुंदन, जूही, प्रिया, मोहम्मद आशिक अली और चांदनी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन आयुष, जीवांश और मुस्कान ने किया।



सुभारती विवि में हुए कार्यक्रम में प्रतिभागी एवं अतिथि। स्रोत : विवि

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 17 APR 2026** **Page No.** **City page 2**

mycity 17/04/26 02

## सुभारती अस्पताल में ईसीएमओ तकनीक से मरीज की जान बचाई

मेरठ। छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल के चिकित्सकों ने एक गंभीर विषाक्तता के मरीज की जान बचाई है। इसमें चिकित्सकों ने एक्स्ट्रा कॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन (ईसीएमओ) तकनीक का सफल उपयोग किया।

मरीज ने अत्यधिक मात्रा में जहरीले पदार्थ एल्युमिनियम फॉस्फाइड का सेवन कर लिया था। उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई थी। चिकित्सकों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल ईसीएमओ सपोर्ट प्रदान किया। लगभग 96 घंटे की निरंतर निगरानी और उपचार के बाद मरीज को सुरक्षित रूप से ईसीएमओ से हटाया गया। वर्तमान में मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर डिस्चार्ज के लिए तैयार है। चिकित्सकों ने बताया कि ईसीएमओ एक उन्नत जीवन रक्षक तकनीक है। इसका उपयोग गंभीर हृदय विफलता, फेफड़ों की विफलता और विषाक्तता जैसे जटिल मामलों में होता है।

हृदय रोग सेवाओं के निदेशक डॉ. जगदीश के मार्गदर्शन में हृदय शल्य चिकित्सा टीम ने इस उपचार का नेतृत्व किया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, ईसीएमओ जैसी उन्नत सुविधाएं अब मेरठ के सुभारती अस्पताल में भी उपलब्ध हैं। पहले ये सुविधाएं मुख्य रूप से दिल्ली जैसे महानगरों तक सीमित थीं। अब मेरठ में भी गंभीर मरीजों को उच्चस्तरीय उपचार मिल पा रहा है। सुभारती ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अतुल कृष्ण ने डॉ. जगदीश, डॉ. कृष्णमूर्ति और उनकी टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। संवाद

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date-** **21 APR 2026** **Page No.** **9**

21/04/26 09 H

# स्वामी विवेकानंद शोधपीठ को किया गया सम्मानित

**सुभारती**

मेरठ,संवाददाता। सुभारती विवि में स्वामी विवेकानंद के विचार, आदर्श एवं राष्ट्र निर्माण संबंधी संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने को कार्यरत स्वामी विवेकानंद शोधपीठ को विवेकानंद संग्रहालय रामकृष्ण मिशन द्वारा सम्मानित किया गया।

शोधपीठ की संयोजिका प्रो.मोनिका मेहरोत्रा ने स्वामी विवेकानंद की जन्मस्थली का भ्रमण कर उस कक्ष का अवलोकन किया जहां स्वामी विवेकानंद परिवारजनों के साथ निवास करते थे। डॉ.मेहरोत्रा ने परिसर में स्थित प्राचीन बंगला हवेली की स्थापत्य कला एवं उस समय की सांस्कृतिक विरासत को देखा। फोटो गैलरी, जीवन यात्रा प्रदर्शनी, ध्यान कक्ष, प्रार्थना स्थल एवं संग्रहालय के अन्य अनुभागों का भी अवलोकन किया। स्वामी विवेकानंद संग्रहालय के सचिव स्वामी ज्ञानलोकानन्द ने सुभारती की स्वामी विवेकानंद शोधपीठ को सम्मानित किया। डॉ.मोनिका मेहरोत्रा ने कहा कि सम्मान एक संस्था का नहीं बल्कि उन शिक्षक, शोधार्थी और छात्रों का है जो विवेकानंद के विचारों को समाज तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



## छात्र-छात्राओं ने किया लोक अदालत का भ्रमण

मेरठ। सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान के छात्रों ने लोक अदालत की कार्यवाही समझने के लिए सोमवार को शैक्षिक भ्रमण किया। विवि संस्थान के निदेशक राजेश चंद्र एवं डीन डॉ.रीना बिश्नोई के निर्देशन में विद्यार्थी लोक अदालत पहुंचे। छात्रों ने डीएलएसए सचिव नम्रता सिंह-प्रथम, अतिरिक्त सिविल जज वरिष्ठ प्रभाग मेरठ से बात की। छात्रों ने मेरठ बार एसोसिएशन के सचिव एवं अधिवक्ता परवेज़ आलम से लोक अदालत में वकालत और निपटान प्रक्रियाओं का व्यावहारिक पक्ष समझा। आशुतोष देशवाल, अरशद आलम, चेतन, लवी, सृष्टि, करिश्मा, अक्षदीप, मुस्कान, तुषार, शगुन, हीना, निकिता रहे।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 22 APR 2026 Page No. City Page 6**

22/04/26 06 My City

आयोजन

सुभारती विवि में हुए कार्यक्रम में आत्महत्याएं रोकने के लिए जागरूक किया

## जिंदगी में समस्याओं से न डरने का संदेश दिया

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विवि के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान (सुभारती विधि महाविद्यालय) ने छात्रों में आत्महत्या की प्रवृत्ति रोकने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम किया गया। न्यायमूर्ति राजेश चंद्र और विधि संकाय की कार्यवाहक डीन प्रो. रीना बिश्नोई के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। इसमें बेहतर जिंदगी जीने और समस्याओं से न डरने का संदेश दिया गया।

कल्याण अधिकारी डॉ. सारिका त्यागी ने मनोचिकित्सा विभाग के सहयोग से कार्यक्रम का संचालन किया। वक्ता डॉ. सीमा शर्मा ने कहा कि आत्महत्या गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। यह न केवल एक व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है। उन्होंने बताया कि युवाओं में आत्महत्या मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। उन्होंने शीघ्र पहचान, समय पर हस्तक्षेप और मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी। छात्रों को अपने मित्रों और आसपास के लोगों में आत्महत्या के प्रारंभिक लक्षणों के आधार पर रोकथाम के लिए आगे आने की अपील की।

डॉ. अंतुल त्यागी ने विषाक्त संबंध, माता-पिता या दोस्तों के दबाव सहित अन्य कारकों का जिक्र किया। त्यागी ने कहा कि जीवन अत्यंत अनमोल है। हमें हार नहीं माननी चाहिए बल्कि समस्याओं से जूझते हुए आगे बढ़ना चाहिए और दूसरों की भी मदद करनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जागरूकता केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं रखनी चाहिए बल्कि पूरे समाज को जागरूक करना हमारा सामाजिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में प्रेम चंद्र, प्रो. टीएन प्रसाद, डॉ. आफरीन अलमास, शालिनी गोयल, सोनल जैन, अरशद आलम, शिवानी, अनुराग चौधरी, आशुतोष देशवाल, मुस्कान, हर्षित सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे।



सुभारती विवि में हुए कार्यक्रम में शामिल अतिथि। स्रोत : विवि

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date-** **22 APR 2026** **Page No.** **6**

मेरठ, बुधवार, 22 अप्रैल 2026 06

शहर 360

22/04/26 06




## अमन त्यागी, अर्जुन चिकारा बने विजेता

मेरठ। सुभारती विवि की महिला सशक्तिकरण समिति द्वारा शारीरिक शिक्षा विभाग के साथ नारी शक्ति वंदन विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता दिखाई। प्रतियोगिता में होटल मैनेजमेंट से अमन त्यागी एवं नर्सिंग कॉलेज से अर्जुन चिकारा प्रथम जबकि बीएससी नर्सिंग से सानिया एवं साइंस कॉलेज से शगुन द्वितीय रहीं। नर्सिंग से रमा चौधरी और साइंस कॉलेज से मानसी संयुक्त रूप से तृतीय रहीं। डॉ.मंजु अधिकारी, डॉ.राखी झा, डॉ.रफत खानम का सहयोग रहा।

## सुभारती विवि को मिला इन्क्रेडिबल वर्कप्लेस अवार्ड

मेरठ। सुभारती विवि को सुदृढ़ संगठनात्मक संस्कृति और कर्मचारी-केंद्रित कार्य वातावरण के लिए इन्क्रेडिबल वर्कप्लेस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में एचआर सक्सेस टॉक एवं इनक्रीडिबल वर्कप्लेस ऑर्गेजाइनेशन द्वारा हुए इस समारोह में चार सौ से अधिक एचआर हेड्स, सीईओ एवं वरिष्ठ प्रबंधन प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। विवि की ओर से डॉ.प्रीति सिंहवाल ने यह सम्मान ग्रहण किया। सुभारती विवि के अनुसार इन्क्रेडिबल वर्कप्लेस अवॉर्ड इस बात का प्रतीक है कि विवि अपने कर्मचारियों को संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी मानता है।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 24 APR 2026** **Page No.** **City Page 5**

24/04/26 05 My city




य में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत हस्ताक्षर अभियान में मौजूद छात्राओं के साथ खड़े अतिथि। स्रोत : विवि

## नारी सशक्तीकरण का संदेश दिया

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को नारी शक्ति वॉल-अभिव्यक्ति एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। नारी शक्ति वॉल के माध्यम से नारी सशक्तीकरण का संदेश दिया गया।

यह कार्यक्रम फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में हुआ। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष रूप से तैयार की गई नारी शक्ति वॉल पर प्रतिभागियों ने प्रेरणादायक संदेश लिखे और अपने विचार साझा किए। इस दौरान महिला अधिकारों के समर्थन में हस्ताक्षर किए गए। संचालन महिला सशक्तीकरण समिति की सचिव डॉ. मंजू अधिकारी के मार्गदर्शन में हुआ।

आयोजन में फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, लिबरल आर्ट्स, फाइन आर्ट्स और नर्सिंग कॉलेज के साथ-साथ विश्वविद्यालय प्रशासन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

समिति की अध्यक्ष डॉ. अंशुल ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. शल्या राज और कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. अंशुल, डॉ. निशा, डॉ. नेहा सिंह, दीपांशु चौधरी, डॉ. दिव्या सहित अन्य रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 24 APR 2026** **Page No. 10**

24/04/26 / H 10

# नारी शक्ति वॉल बनीं अभिव्यक्ति का मंच

**सुभारती विवि**

**मेरठ, मुख्य संवाददाता।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में 'नारी शक्ति वंदन अभियान' के अंतर्गत "नारी शक्ति वॉल – अभिव्यक्ति एवं हस्ताक्षर अभियान" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने विचार, भावनाएं और प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की सफलता में डा.अंशुल, डा.निशा, डा.नेहा सिंह, डा.राखी झा, डा.रफत खानम, डा.सारिका, दीपिका चौधरी, दीपांशु चौधरी एवं डा.दिव्या का विशेष योगदान रहा।

महिला सशक्तिकरण समिति की अध्यक्ष डा.अंशुल ने सीईओ डा.शल्या राज एवं कुलपति डा.प्रमोद कुमार शर्मा का इस सफल आयोजन के लिए निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया।

**वेलनेस कार्यशाला में संतुलित जीवनशैली का मिला संदेश :** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के शहीद बाबा दीप सिंह होम साइंस विभाग की ओर से फैकल्टी ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंसेज के अंतर्गत लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज विभाग के सहयोग से माखन लाल हॉल में "वेलनेस एवं समग्र विकास" विषय पर एक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वेलनेस सेंटर, एसवीएसयू के प्रोफेसर एवं चेयरपर्सन डा.राहुल बंसल ने अपने विचार साझा करते हुए समग्र स्वास्थ्य के लिए मन, शरीर और आत्मा के संतुलन पर विशेष बल दिया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डा.शालू नेहरा एवं डा.किरण रानी पंवार, सहायक प्राध्यापकों द्वारा किया गया। होम साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति गौर एवं लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज विभागाध्यक्ष डॉ. तारक नाथ सहित दोनों विभागों के संकाय सदस्य, गैर-शैक्षणिक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



सुभारती विवि में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## पौधारोपण अभियान से छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के शहीद बाबा दीप सिंह गृह विज्ञान विभाग की ओर से "ग्रीन इनिशिएटिव: सैपलिंग प्लांटेशन ड्राइव" का सफल आयोजन विभाग परिसर में किया गया। डा.मानसी त्यागी के मार्गदर्शन में और विभागाध्यक्ष डा.ज्योति गौर के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यक्रम के संचालन में डॉ. निशमा सिंह, शालू नेहरा एवं मानसी चौधरी का विशेष योगदान रहा। पौधों के महत्व के बारे में जानकारी साझा करते हुए ज्ञानवर्धन के साथ-साथ सामूहिक सहभागिता को भी बढ़ावा दिया।

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 28 APR 2026** **Page No.** **City Page 3**

28/04/26 my city 03

## निरंतर प्रयास से मिलती है सफलता



सुभारती विवि में हुए कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी एवं अतिथि। स्रोत : विवि

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में सोमवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. शल्या राज और कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

शिक्षा संकाय के डीन प्रो. पिंटू मिश्रा ने कहा कि सफलता का मार्ग ईमानदारी, प्रतिबद्धता और परिश्रम से होकर जाता है। विभागाध्यक्ष प्रो. अनोज राज ने भविष्य की चुनौतियों का साहस से सामना करने और सही निर्णय लेने का संदेश दिया।

प्रो. इंदिरा सिंह ने सकारात्मक सोच, जिम्मेदारी और समाज के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। एमएड वर्ग से ओलिपा मिस फेयरवेल, बीएड वर्ग से यासिर अली मिस्टर फेयरवेल और चंदा को मिस फेयरवेल चुना गया। बीएलएड वर्ग से मिस्टर हर्ष यादव मिस्टर फेयरवेल और मिस गुनगुन मिस फेयरवेल बनीं। इसके अलावा मिस्टर अभिजीत कुमार मिश्रा को मिस्टर इंटेलिजेंट, श्रुति गुप्ता को मिस इंटेलिजेंट, रितिका को मिस ग्रेसफुल और अनुष्का को मिस चार्मिंग की उपाधि से नवाजा गया। संवाद

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 28 APR 2026** **Page No. 2**

28/04/26 02 H

शहर 30 S

## विदाई समारोह में दीं शुभकामनाएं




मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. शल्या राज व कुलपति प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। शिक्षा संकाय के डीन प्रो. पिंटू मिश्रा, विभागाध्यक्ष प्रो. अनोज राज, प्रो. इंदिरा सिंह ने विचार रखे। एमएड वर्ग से ओलिप्रा को मिस फेयरवेल, बीएड वर्ग से यासिर अली को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। चंदा को मिस फेयरवेल, हर्ष यादव को मिस्टर फेयरवेल और गुनगुन को भी मिस फेयरवेल चुना गया।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 29 APR 2026** **Page No.** **City Page 6**

29/04/26 06 My City

आयोजन

सुभारती विश्वविद्यालय में साहित्यिक गोष्ठी का भी हुआ आयोजन

# लोकोत्सव में दिखी लोक संस्कृति की झलक

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के भाषा विभाग एवं सुभारती नैचुरोपैथी कॉलेज में एक दिवसीय लोकोत्सव साहित्यिक संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में लोक कलाओं के रंग बिखरे और साहित्यिक चर्चाओं ने माहौल को सांस्कृतिक ऊर्जा से भर दिया।

मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कांता कर्दम रहीं। मुख्य वक्ता भाषा वैज्ञानिक डॉ. विमलेश कांति वर्मा, विशिष्ट वक्ता प्रो. कुसुमलता मलिक और वक्ता सुनंदा वर्मा ने विचार व्यक्त किए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. शल्या राज, कुलपति प्रो. पीके शर्मा, प्रति कुलपति डॉ. मुनीश सी. रेड्डी भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कांता कर्दम ने कहा कि विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां इसकी जीवंत मिसाल हैं। शिक्षण संस्थानों और सरकार के संयुक्त प्रयासों से ही ये कलाएं जीवित रह सकती हैं। विवि के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण और मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. शल्या राज के प्रयासों की सराहना की। मुख्य वक्ता डॉ. विमलेश कांति वर्मा ने कहा कि लोक परंपराएं समाज को जड़ों से जोड़ती हैं। प्रो. कुसुमलता मलिक ने कहा कि काशी, मथुरा, अयोध्या और प्रयागराज जैसे तीर्थस्थल विश्व को शांति और मानवता का संदेश देते हैं।



सुभारती विश्वविद्यालय में हुए कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं प्रतिभागी। स्रोत : विवि

सुनंदा वर्मा ने लोक संस्कृति को सामूहिक पहचान और एकता का संदेश बताया। सांस्कृतिक सत्र में गौरव साहा एवं समूह ने लोक में राम मीम पर नृत्य प्रस्तुत किया। मथुरा के सुखबीर सिंह ने अलगोझा वादन (लुप्तप्राय लोक वाद्य) की प्रस्तुति दी। सहारनपुर से रंजना नैब की टीम ने लोक में कृष्ण थीम पर नृत्य, मेरठ की नीता गुप्ता ने संस्कार गीतों का गायन किया।

हरियाणा के शीशपाल ने हरियाणवी लोक नृत्य एवं घूमर की प्रस्तुति दी। दिल्ली के अब्दुल हामिद एवं टीम ने नृत्य प्रस्तुति दी।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date-** **29 APR 2026** **Page No.** **5**

29/04/26 05

# यूपी की संस्कृति भारतीय सभ्यता की आत्मा

**सुभारती विवि**

**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** सुभारती विवि के भाषा विभाग, सुभारती नेचुरोपैथी कॉलेज एवं उप्र लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुए लोकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा को साबित किया। मुख्य अतिथि राज्यसभा की पूर्व सांसद कांता कर्दम, डॉ. विमलेश कान्ति वर्मा, प्रो. कुसुमलता मलिक, सुनंदा वर्मा, सुभारती की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, कुलपति प्रो. पीके शर्मा, प्रतिकुलपति डॉ. मुनीश सी. रेड्डी, कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम याकूब, डॉ. धीरेन अजित नायर, डॉ. सीमा शर्मा एवं अतुल द्विवेदी ने दीप प्रज्जवलन से किया।



मंगलवार को सुभारती विवि में लोकोत्सव कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

कांता कर्दम ने कहा कि लोक कलाओं के जितने रूप-रंग भारत में मिलते हैं, शायद ही विश्व के किसी अन्य देश एवं संस्कृति में होंगे। डॉ. विमलेश कान्ति वर्मा ने कहा कि लोक केवल ग्रामीण जीवन या परंपराओं तक सीमित नहीं बल्कि समाज की सामूहिक चेतना, संस्कृति और जीवन मूल्यों का जीवंत स्वरूप है। प्रो. कुसुमलता मलिक ने कहा कि उप्र की संस्कृति भारतीय सभ्यता की आत्मा है। फिल्ममेकर सुनंदा वर्मा ने 'लोक संस्कृति द स्टोरी ऑफ अज़' विषय पर कहा कि लोक संस्कृति हमारी सामूहिक पहचान, परंपरा और जीवन मूल्यों की जीवंत अभिव्यक्ति है। समारोह में गौरव साहा एवं उनके समूह ने 'लोक में राम' पर नृत्य प्रस्तुति, मथुरा से आए लोक कलाकार सुखबीर सिंह एवं साथियों ने अलगोझा वादन, सहारनपुर की रंजना नेब एवं उनके समूह ने लोक में कृष्ण नृत्य प्रस्तुति, मेरठ की लोकगायिका नीता गुप्ता एवं उनके समूह ने लोक संगीत गायन एवं रोहतक के लोकगायक शीशपाल एवं उनके समूह ने हरियाणवी लोक नृत्य एवं घूमर, दिल्ली के अब्दुल हामिद एवं टीम ने नट प्रस्तुति दी। डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. सोनी, भावना, डॉ. ऋतेष चौधरी, डॉ. चंपालाल मंडरेले, डॉ. पिंटू मिश्रा, डॉ. आरके जैन, डॉ. रेणु मावी, डॉ. धीरेन अजित नायर, डॉ. रफत खानम, डॉ. आशीष दीपांकर, डॉ. निशि, डॉ. अंकित, डॉ. यशपाल, डॉ. नीरज नयन ऋषि, डॉ. ज्योति मधुर, डॉ. मनीषा, डॉ. प्रीति एवं प्रज्ञा शर्मा मौजूद रहीं।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 30 APR 2026** **Page No.** **City Page 5**

30/04/26 Mycity 05

# पूर्व छात्र होते हैं शिक्षण संस्थान की अमूल्य धरोहर : प्रो. शल्या राज

## सुभारती विश्वविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन



सुभारती विवि में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं व शिक्षक-शिक्षिकाएं। स्रोत : संस्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के पॉलिटेक्निक कॉलेज में पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्रों के लिए एक सशक्त मंच तैयार करना था। इस मंच के जरिए वे अपने पेशेवर अनुभव साझा कर सकें।

सम्मेलन का लक्ष्य वर्तमान विद्यार्थियों को कॅरिअर योजना, रोजगार अवसरों और कौशल विकास में मार्गदर्शन देना था। यह वार्षिक आयोजन पूर्व छात्रों से पुनः संपर्क स्थापित करने के लिए था। विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. शल्या राज ने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी शिक्षण संस्थान की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनकी सफलताएं संस्थान की पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पूर्व छात्रों के अनुभवों से प्रेरणा लेने की अपील की।

प्रो. शल्या राज ने सम्मेलन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विभागाध्यक्षों के साथ इंजीनियर कुंवर आरिफ अली, इंजीनियर रीना सिंह और इंजीनियर रितु शर्मा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्र विश्वविद्यालय की असली रीढ़ हैं। वे संस्थान की प्रगति, प्रतिष्ठा और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 30 APR 2026 Page No. 4**

### स्टार्टअप उपक्रम में बदलने की प्रक्रिया




मेरठ। सुभारती विवि के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के तहत आईपीआर सेल द्वारा 'इनोवेशन शोकेस: फ्रॉम आइडियाज टू आईपीआर एंड स्टार्टअप' शीर्षक से हुए कार्यक्रम में नवाचार, उद्यमिता को फोकस करते हुए बौद्धिक संपदा अधिकारों का महत्व समझाया। प्रतिभागियों ने अपने पेटेंट तकनीक, कॉपीराइट कार्य, डिज़ाइन पंजीकरण एवं विवि में विकसित स्टार्टअप उपक्रम प्रस्तुत करने का मंच दिया। रुचि, गोपाल, गौरव कुमार, मोनू, शिवम मिश्रा, संध्या, दीपांशी, आरुषि सिंह शामिल रहे। प्रो .वैभव गोयल भारतीय, प्रो .शुभाम सिंह आदि मौजूद रहे।

### पूर्व छात्र शिक्षण संस्थान की धरोहर



मेरठ। सुभारती पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुए पूर्व छात्र सम्मेलन में छात्र-छात्राओं ने सीनियर से कॅरियर की संभावनाओं को समझा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ .शल्या राज ने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी शिक्षण संस्थान की धरोहर होते हैं। उनकी उपलब्धि विवि की पहचान को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करती हैं। शुभारंभ प्रो .सुभाष चंद्र तिवारी ने किया। इं .कुंवर आरिफ अली, इं .रीना सिंह और इं .रितु शर्मा ने कहा कि पूर्व छात्र विवि की असली रीढ़ हैं और इसकी प्रगति, प्रतिष्ठा और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। डॉ .नूपुर कौशिक, कुमारी उज्जवल का सहयोग रहा।

### होम साइंस में पुरातन छात्रों की ताजा हुईं यादें

मेरठ। सुभारती विवि के शहीद बाबा दीप सिंह संकाय स्थित होम साइंस विभाग में पूर्व छात्र मिलन समारोह में छात्र-छात्राओं की पुरानी यादें ताजा हो गईं। विभागाध्यक्ष प्रो .ज्योति गौर के निर्देशन में हुए समारोह में डॉ .निशमा सिंह, डॉ .शालू नेहरा, डॉ .मानसी चौधरी, डॉ .मानसी त्यागी का सहयोग रहा। विवि की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो .शल्या राज ने कहा कि होम साइंस विभाग के पूर्व छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में विवि का नाम रोशन कर रहे हैं।